SESAME STREET



# सुपर हीरो की
# सुपर शक्ति- दयालुता!





क्या तुम जानते हो कि
हम सभी के पास एक
सुपर शक्ति है? हम सभी
में दयालु और दूसरों के
प्रति अच्छा होने की
शक्ति है!

आओ देखें कि
सेसमे स्ट्रीट के दोस्त
अपनी सुपर शक्ति का
उपयोग कैसे
करते हैं।





कुकि मोंस्टर अच्छे शब्द बोलने के लिए अपने मुह का इस्तेमाल करता है।




वो एल्मो को शाबाशी देता है।

कुकि मोंस्टर के अच्छे शब्द सुनकर, एल्मो मुस्कुराता है।
एल्मो की मुस्कुराहट देख कर कुकि मोंस्टर भी मुस्कुराता है! मुस्कुराहट से उसकी सुपर शक्ति और शक्तिशाली होती है।



ऐसी है, दयालु और दूसरों के प्रति अच्छा होने की शक्ति!



जैड सुनने के लिए अपने कानों का इस्तेमाल करता है। वो बास्मा को एक मज़ेदार कहानी सुनाते हुए सुनता है।

वो, बात करने के लिए, अपनी बारी का इंतज़ार करता है। जब हम दोस्तों की बातें सुनते हैं, तो उन्हें अच्छा लगता है।

ऐसी है, दयालु और दूसरों के प्रति अच्छा होने की शक्ति!



बास्मा अपनी नाक का इस्तेमाल उन चीज़ों को सूंघने के लिए करती है, जो उसे खुश करती हैं।

बास्मा अपनी मनपसंद खुशबू जैड के साथ बांटती है। खुशबू सूंघ कर जैड भी खुश हो जाता है।

ऐसी है, दयालु और दूसरों के प्रति अच्छा होने की शक्ति!

राया, दूसरों की अच्छाई और दयालुता देखने के लिए, अपनी आँखो का इस्तेमाल करती है।

वो देखती है कि, अच्छाई और दयालुता दूसरों को अपने बारे में अच्छा महसूस कराती है। राया, दूसरों के प्रति अच्छा और दयालु होने के तरीके सोचती है।



राया, दूसरों के प्रति अच्छा और दयालु होने के तरीके सोचती है।




जब वो दूसरों को अपने बारे में अच्छा महसूस कराने में मदद करती है, तो वो अपने बारे में भी अच्छा महसूस करती है!




ऐसी है, दयालु और दूसरों के प्रति अच्छा होने की शक्ति!

एल्मो प्रकृति की मदद करने के लिए अपने हाथों का इस्तेमाल करता है।

दयालुता से, पेड़-पौधे और पूरे प्लेनेट का ध्यान रखा जा सकता है।



ऐसी है, दयालु और दूसरों के प्रति अच्छा होने की शक्ति!

एल्मो और उसका परिवार, अपने बड़े दिल का इस्तेमाल, दूसरों की मदद करने के लिए करते हैं।



वो खाना ओर कपड़े दान करते हैं। वो दूसरों को स्वस्थ और खुश रहने में मदद करते हैं।

ऐसी है, दयालु और दूसरों के प्रति अच्छा होने की शक्ति!

तुम भी सुपर हेरो बन सकते हो!

तुम्हारे पास भी दयालु और दूसरों के प्रति अच्छा होने की शक्ति है!



तुम भी औरों को खुश कर सकते हो!


अपने आस-पास दयालु और दूसरों के प्रति अच्छा होने के तरीके खोजो।
किसी को कुछ अच्छा कहो।
दोस्त की बातें सुनो।
दोस्तों और परिवार के साथ चीज़ें शेयर करो।
आज तुम कैसे दूसरों के प्रति अच्छे और दयालु बनोगे ?
किसी की मदद करो।

# मेरी सुपर शक्ति

1 तुम आपने परिवार के प्रति, कैसे अच्छे और दयालु बन सकते हो?

मैं...........................................................................................................

....................................................................................(लाइन में भरें)

2 तुम अपने दोस्तों के प्रति, कैसे अच्छे और दयालु बन सकते हो?

मैं...........................................................................................................

....................................................................................(लाइन में भरें)

3 तुम अपने प्लेनेट के प्रति, कैसे अच्छे और दयालु बन सकते हो?

मैं...........................................................................................................

....................................................................................(लाइन में भरें)



SESAME STREET

# ख़्याल ♥ अपना, ख़्याल अपनों ♥ का



Produced by

SESAME WORKSHOP India

Created in partnership with

The LEGO Foundation

© 2020 Sesame Workshop. All Rights Reserved.